प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय एवं कृषि स्टार्टअप 'फार्मस' के साथ हुआ अनुबंध

पंतनगर। 18 जनवरी 2022। विश्वविद्यालय एवं बंगलौर मूल के कृषि स्टार्टअप 'फार्मस' के साथ एक एम.ओ.यू. (समझौता) ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए, जिसमें विश्वविद्यालय से विकसित उन्नत बीज व अन्य कृषि निवेश के साथ–साथ उत्तराखण्ड के कृषकों, लघु उद्यमियों के कृषि संबंधी उत्पादों का विपणन किया जायेगा। इससे कृषकों के आजीविका में सुधार, आर्थिक प्रगति के साथ–साथ राज्य के कृषकों का राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान बनेगी। संस्था फार्मस ऑनलाइन प्लेटफार्म की मदद से सीधे उत्पादकों के विभिन्न उत्पाद उपभोक्ता तक पहुंचाते है, जिससे इसका लाभ उत्पादक और उपभोक्ता दोनों को मिलता है। यह स्टार्टअप बंगलौर सहित पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, गुजरात एवं मध्य प्रदेश आदि राज्यों में कार्य करती है। स्टार्टअप के मुख्य परिचालन अधिकारी (प्रबंधकगण), श्री तरनवीर सिंह व श्री आलोक दुग्गल ने समझौते के अवसर पर कहा कि इस विश्वविद्यालय से जुड़ना, इस स्टार्टअप के लिए सपने साकार होने जैसा है जिससे कृषकों को बड़ा फायदा होगा।

कुलपति, डा. तेज प्रताप ने बताया कि शिक्षित युवाओं का कृषि आधारित स्टार्टअप 'फार्मस' कृषकों के आय वृद्धि में सकारात्मक भूमिका निभा सकती है। इस अवसर पर निदेशक प्रसार शिक्षा, डा. अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि उत्तराखण्ड में ज्यादातर छोटे और सीमान्त जोत के कृषक है, जिनके उत्पादों, ताजी सब्जियां, मशरूम, वर्मी कम्पोस्ट, मसाले, मूल्यवर्धित आटा, बिस्किट, नमकीन, शहद, दाले, हैण्डीक्राफ्ट उत्पाद आदि के विपणन की बड़ी समस्या है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के अधीन कार्यरत कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक इन कृषकों, स्वयं सहायता समूहों एवं कृषक उत्पाद संगठन (एफ.पी.ओ.) के उत्पादों के विपणन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते है। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के स्टार्टअप के साथ मिलकर काम करने से विकसित तकनीक का देश के अन्य भागों में भी प्रचार–प्रसार होगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय कृषि आधारित स्टार्टअप 'फार्मस' के मध्य हुआ यह समझौता कृषकों के आर्थिकी सुधार हेतु मील का पत्थर साबित होगा।

समझौते ज्ञापन के साथ विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. तेज प्रताप, निदेशक प्रसार शिक्षा, डा. अनिल कुमार शर्मा तथा कृषि स्टार्टअप 'फार्मस' के श्री तरनवीर सिंह एवं श्री आलोक दुग्गल।